**प्राचार्य का कार्यालय**
**अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज गया**

निविदा सूचना

ज्ञापांक– 1296 दिनांक– 19.7.2021

वितीय वर्ष 2021–2022 हेतु अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज,गया के विभिन्न विभागों के लिये विद्युत सामग्री का क्रय हेतु निबंधित फर्म/निर्माता/आपूर्तिकर्ता/प्राधिकृत बिक्रेता से मुहरबन्द लिफाफे में सील्ड निविदा राष्ट्रीय समाचार में प्रथम प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के अन्दर केवल निबंधित/स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यावधि 10:00 पूर्वाह्न से संध्या 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विलम्ब से प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा दो तरह की होगी। (क)तकनीकी निविदा (ख) वितीय निविदा। दोनों निविदा अलग–अलग लिफाफे में सील्ड कर पुनः उसे बड़ें लिफाफे में सील्ड कर उस पर किस मद के लिए निविदा दिया जा रहा है, अंकित कर प्राचार्य, अनुगह नारायण मगध मेडिकल कालेज, गया को भेजना होगा। निविदा टंकित/कम्प्युटराईज होना चाहिए। काट–कूट एवं लिप लेपन वाले निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि को अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस तक निविदा प्राप्त किया जायगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के अगले दिन निविदा क्रय समिति के द्वारा खोली जायेगी। उक्त तिथि को अवकाश की स्थिति में अगली कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वयं या उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। इसके लिये अलग से सूचना नहीं दी जायेगी। नियम एवं शर्त की प्रति एवं क्रय की जाने वाले विद्युत सामग्री की सूची निविदा प्रकाशन के पश्चात प्राचार्य कार्यालय, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया में कार्यालय अवधि में 1000(एक हजार रुपये)मात्र का बैंक ड्राफ्ट मूल में प्राचार्य, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया के पदनाम से प्लेज्ड हो जमा करने पर प्राप्त किया जा सकता है। जिसे लौटाया नहीं जायेगा। निविदा शुल्क जमा करने वाले का ही निविदा क्रय समिति के समक्ष रखा जायेगा। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए www.anmmc.ac.in पर देखें अथवा कार्यालय से सम्पर्क करें।

किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र गया व्यवहार न्यायालय, गया होगा।

19/7/21

प्राचार्य
अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया।

19.7.2021